मॉड्यूल 3 वीडियो कक्षा 3: मेगन मोल्तेनी के साथ साक्षात्कार

नमस्ते। हमारे पाठ्यक्रम, 'महामारी में पत्राकारिताः कोविड-19 को वर्तमान और भविष्य में कवर करना' के वीडियो भाग में आपका फिर से स्वागत है। अब मॉड्यूल तीन में हम कोरोना वायरस तथा कोविड बीमारी के उपचार के लिए टीके की उम्मीद और इससे जुड़ी समस्याओं पर विचार कर रहे हैं। और अभी हम मेगन मोल्तेनी से बात करने जा रहे हैं, जो पत्रिका वायर्ड में एक स्टॉफ लेखिका हैं तथा टीकों और उपचारों को कवर कर रही हैं। मेगन इस पाठ्यक्रम में शामिल होने के लिए धन्यवाद।

मुझे बुलाने के लिए शुक्रिया, मेरीन।

क्या आप हमारे 8600 छात्रों, जिनमें से कई ने वायर्ड को नहीं देखा होगा, को यह बताते हुए शुरुआत कर सकती हैं कि आप वहां क्या करती हैं?

जरूर। फिलहाल मैं, मुख्य रूप से वेबसाइट साइंस डेस्क के लिए लिखती हूं, और विशेष रूप से कोविड-19 संकट पर रिपोर्टिंग करती हूं। महामारी से पहले, मैंने एक व्यापक जैव प्रौद्योगिकी विषय को कवर किया था जिसमें उभरती प्रौद्योगिकियों और आनुवंशिक निजता पर ध्यान केंद्रित किया गया था। लेकिन वर्तमान समय में, मेरा काम, वेब साइट के लिए सप्ताह में दो से तीन लेख लिखना है, कोविड-19 के कारण प्रभावित होने वाले पाठकों की जिन्दगी और मन को हर तरह से जोड़ने में मदद करने की कोशिश करना हैं और उस विज्ञान के बारे में जानकारी जुटाना है जो वैक्सीन और उपचार दोनों पहलुओं की खोज कर रहा है, लेकिन यह कि साधारण भाषा में हम बीमारी को कैसे समझते हैं और यह लोगों में किस तरह से फैलती है और लोगों के शरीर को कैसे प्रभावित कर सकती है।

मुझे लगता है कि जो लोग इस पाठ्यक्रम में भाग ले रहे हैं वे भी ऐसा ही सोचते होंगे। उनमें से बहुत से लोगों ने पहले कभी स्वास्थ्य और विज्ञान को कवर नहीं किया होगा, और जो लोग ऐसा कर रहे हैं, हर किसी की तरह, वे पूरे समय केवल कोविड को कवर कर रहे हैं। तो आप शुरू से ही, यानी जनवरी से इससे जुड़ी रही हैं। टीकों और उपचारों के प्रश्नों पर आपके द्वारा अब तक जो भी लेख लिखे गए हैं, क्या इनमें से कोई लेख आपको खास लगता है?

मैं वास्तव में शुरुआत में टीका विकास के बारे में लिखने में बहुत संकोच कर रही थी। मुझे लगता है कि जनवरी और फरवरी में, विशेषकर जब यह प्रकोप मुख्य रूप से चीन तक ही सीमित था। यह वहाँ उतना नहीं फैला था, वहाँ टीके के विकास के बारे में अधिक कुछ नहीं हो रहा था। यह अभी तक स्पष्ट नहीं था कि यह एक वैश्विक महामारी बनने जा रही थी जो लंबे समय तक चलेगी, और क्या यह अरबों डॉलर के खर्च के औचित्य को साबित करेगी और यह कि एक सुरक्षित और प्रभावी टीका विकसित करने में कई साल लगेंगे। इसलिए मैं शुरू में इससे अलग-थलग रही। लेकिन जब यह स्पष्ट हो गया कि यदि सामान्य जीवन में लौटाना है तो वैक्सीन बनाना जरूरी है।

अब मैं उस स्थिति में थी जहां हमें वह सब कुछ लिखना था जो हम कोरोना वैक्सीन विज्ञान और अब तक हुए विकास के बारे में जानते हैं। इसलिए मुझे वैक्सीन के क्षेत्र में हुई प्रगति के बारे में एक निश्चित वायर्ड गाइड लिखने का कार्य सौंपा गया था। यह वैक्सीन 101 बनाने के एक परिचय की तरह होना चाहिए था। उस समय टोनी फौसी टीवी पर यह कह रहे थे कि टीका बनने में कम से कम 12 से 18 महीने का समय लगेगा। मुझे लगता है कि बहुत सारे लोग इसे सुन रहे थे और वास्तव में नहीं जानते थे कि ऐसा क्यों था। इसलिए मुझे लगता है कि इस बात को जो कोई सुन रहा था, वह पलटकर यह कह सकता था कि ऐसा क्यों है। क्या यह वैक्सीन विज्ञान, विनिर्माण और आपूर्ति श्रृंखला और वैक्सीन विकास का कोई छल है, जो वास्तव में उपचार से बिल्कुल अलग है।

मैं शुरू में इस काम से बहुत निराश थी क्योंकि ऐसा लग रहा था, मेरे लिए यह बात बहुत ही बुनियादी थी कि जो कुछ मैं लिख रही हूं वह हर किसी को पहले से ही पता थी और इसे शुरू से अंत तक लिखा जा चुका था। लेकिन, जब मैंने इसकी रिपोर्टिंग करनी शुरू की, तो मैं पीटर होत्ज नाम के एक वैक्सीन शोधकर्ता से मिली, जिसने सार्स के लिए एक वैक्सीन विकसित की थी और उन्होंने पाया कि कोरोना वायरस के खिलाफ टीका विकसित करने में यह संभावित असमानता है कि टीका लगाए जाने के बाद कुछ लोगों की प्रतिरक्षा प्रणाली वायरस का सामना करने पर बिल्कुल अलग तरह से प्रतिक्रिया करती है। और वास्तव में यह वह बात थी जो मैंने कहीं भी इसके कवरेज में नहीं देखी थी। इसलिए मैं वह पहली शक्स थी जिसने कोविड-19 वैक्सीन विकसित करने के लिए इससे संबंधित प्रतिरक्षा बढ़ाने की क्षमता की रिपोर्टिंग की थी। रिपोर्टिंग के दृष्टिकोण से यह कुछ ऐसा था, जो किसी बात को मान्यता दे रहा था, कुछ दिलचस्प, कुछ नया जो मैं नहीं जानती थी।

जब यह लेख प्रकाशित हुआ, तो यह वेब साइट पर जंगल में आग की तरह फैल गया, मुझे लगता है कि इसे एक सप्ताह में लगभग दो लाख लोगों द्वारा पढ़ा जा रहा था। हमारे प्रकाशक कोनडे नास्ट के सीईओ ने मुझे ईमेल किया, तो मुझे पहली बार यह एहसास हुआ कि वह कोई असली व्यक्ति हैं, न कि स्क्रीन पर दिखने वाले एक चेहरे की तरह, जिन्होंने कहा कि वे अपने परिवार में सभी सदस्यों के साथ इस लेख को साझा कर रहे थे। इसलिए मुझे लगता है कि मेरे लिए, यह एक बहुत ही सुखद क्षण था, जो महत्वपूर्ण है। जब भी आप अपनी विचारधारा से बाहर निकलते हैं और यह सोचते हैं कि वास्तव में आम लोग जो वैज्ञानिक और पत्रकार नहीं हैं, वे क्या जानकारी चाहते हैं और तेजी से चलते इस घटनाक्रम और भ्रम की स्थिति में क्या हो रहा है, को समझना चाहते हैं। मुझे लगता है कि जब मैं टीके से संबंधित पिछले लेखों पर एक नज़र डालती हूं, तो मेरे मन को सबसे अधिक संतुष्टि इसी लेख से मिलती है।

यह बहुत बड़ी बात है। यह वास्तव में बहुत अहम है। हम वास्तव में इसका एक अध्ययन के रूप में सुझाव दे रहे हैं, जो इस मॉड्यूल के लिए आवश्यक अध्ययन है। लेकिन अब मैं वास्तव में यह जानने के लिए उत्सुक हूं, क्योंकि आपने यह सब शुरू होने से पहले इस विषय को कवर नहीं किया था, और यह आपके लिए एक नया क्षेत्र है, चूंकि ये उपचार और टीके अभी तक मौजूद नहीं हैं, तो आपको यह कैसे लगा कि यह भरोसेमंद स्रोत है? आपको यह कैसे पता चला कि इस विषय में बात करने के लिए वास्तव में कौन सा व्यक्ति सही है जिसकी जानकारी आपके पाठकों के लिए उपयोगी साबित होगी?

बेशक यह मुश्किल है, लेकिन मुझे लगता है कि वास्तव में जिस चीज ने मेरी मदद की, वह यह थी कि मैं इसे जनवरी के मध्य से कवर कर रही थी। मैंने उस शुरुआती दौर में पहले से ही लोगों के संपर्क में थी, जिनके बारे में मैंने पूर्व में ऑनलाइन प्रकाशित हो चुकी सामग्री और इस पर साहित्य को पढ़कर जानकारी जुटाई थी। कुछ जैविक ऑनलाइन फोरम भी हैं जिन्हें मैं पढ़ रही थी। इसलिए जब बड़ी संख्या में नए उपचार और टीके सामने आए, जो ऑनलाइन आए या ऑनलाइन नहीं भी आए, उन सभी को फरवरी और मार्च के मध्य में नैदानिक परीक्षणों में दर्ज किया गया। कुछ ऐसे लोग थे जिनके साथ मैंने पहले से ही संपर्क बनाए थे और लोगों की पहचान करने के लिए मैं केवल समाचार में प्रकाशित अन्य कहानियों पर ही निर्भर नहीं थी।

लेकिन मुझे लगता है कि उपचारों के साथ विशेष रूप से एक चीज जो काफी सहायक रही, वह यह थी कि मैंने बहुत पहले, जब यह महामारी केवल चीन तक ही सीमित थी, नैदानिक परीक्षण रजिस्ट्रियों को देखना शुरू कर दिया था कि चीन में शोधकर्ता क्या देख रहे थे। फरवरी के मध्य तक स्थिति नियंत्रण से बाहर हो गई। कुछ हफ्तों के अंतराल में यह एक या दो परीक्षणों से कुछ दर्जन परीक्षणों तक पहुंच गया। इसलिए वास्तव में यह बहुत चुनौतीपूर्ण समय था, और यह जानना भी कि वहां क्या चल रहा था। लेकिन सौभाग्य से, वहाँ ऐसे कई शोधकर्ता थे जो स्थिति पर नजर रखे हुए थे। वहाँ मैंने कुछ समाचार-पत्रों को पढ़ा जिनसे लोग जानकारी प्राप्त कर रहे थे। इसलिए चीन के उस शुरुआती दौर की जानकारी काफी मददगार साबित हुई, क्योंकि अमेरिका में शुरू हुए बहुत से परीक्षणों ने अब उन चीजों की जानकारी दी है।

लेकिन मुझे लगता है कि यदि आप विश्व स्वास्थ्य संगठन को देखें, तो वे इस बात पर नज़र रखे हुए हैं कि वर्तमान में इनमें से कितने उपचार, दवाएं और टीके विकसित किए जा रहे हैं। आप अगले तीन महीनों तक, जो भी परीक्षण किया गया है, पर रोज़ाना एक लेख लिख सकते हैं। बहुत कुछ चल रहा है। लेकिन मैं नहीं समझती कि एक रिपोर्टर के रूप में यह मेरे समय का सदुपयोग होगा कि मैं अपने पाठकों को वह हर जानकारी दूं जो पुख्ता न हो। इसलिए मुझे लगता है कि हमें उन लोगों को ढूंढना होगा जो इस क्षेत्र के जानकार हैं। इसलिए ऐसा लोगों का पता लगाने के लिए सबसे अच्छी जगह समीक्षा पेपर है जिन्हें वे साहित्य या खोज के आधार पर लिखते हैं। चूंकि वे इन पेपरों को महामारी में प्राप्त सबूतों के आधार पर लिख रहे थे। और इसलिए यह मेरे लिए उपयोगी स्रोत रहे हैं।

हाँ। मेरा मतलब है, यह एक मुश्किल समय है लेकिन यह मुश्किल तब थोड़ी आसान लगने लगती है यदि आपको पक्के तौर पर यह पता चल जाए कि आम तौर पर दवा का विकास कैसे होता है। तो नैदानिक परीक्षणों के विभिन्न चरण क्या हैं? नमूना आकार का क्या मतलब है? विभिन्न अंतिम बिंदुओं का क्या अर्थ है और वे क्या दर्शाते हैं? आंकड़ों के ये साक्ष्य हर दृष्टि से कितने ठोस हैं? चूंकि यह ऐसी सामग्री है जो इन सभी बातों से ऊपर उठकर कोई संकेत दे सकती है क्योंकि आप वास्तव में प्रेस विज्ञप्ति या ऐसी अन्य सामग्री पर भरोसा नहीं करना चाहते हैं, जो वास्तविक नहीं है। जिन कंपनियां के पास ऐसे आंकड़े हैं वे हमेशा उन्हें सकारात्मक रूप में पेश करना चाहेंगी। लेकिन यह नहीं कहा जा सकता है कि यही एकमात्र बात है जो ये आंकड़े बता सकते हैं। मुझे लगता है कि यह हमेशा महत्वपूर्ण होता है कि यदि आप इसे खुद से न समझ सकें तो कम से कम किसी ऐसे सांख्यिकीविद् या किसी ऐसे व्यक्ति से दोस्ती करें जो आपको ई-मेल कर सके और यह बताए कि वास्तव में इसका क्या अर्थ है?

वास्तव में ये अहम बिंदु हैं। और भी कुछ है जो मैं आपसे पूछना चाहती थी, वह यह कि हर कोई अब टीका और उपचार विकसित करना चाहता है क्योंकि यह बहुत भयानक समस्या है जिसने पूरी दुनिया को अपनी चपेट में ले लिया है और यदि वे ऐसा करने में सफल होते हैं तो इससे उनकी साख बहुत बढ़ जाएगी। लेकिन कुछ ऐसी कंपनियां भी हैं जो व्यवसाय करना चाहती हैं और उनमें से कोई भी जो सबसे पहले इस मुकाम को हासिल करती है, को सबसे कम वित्तीय लाभ मिलेगा। मुझे लगता है कि हम कुछ उपचारों के संबंध में शुरुआती कहानियों में ऐसा पहले भी देख चुके हैं, उदाहरण के लिए, ऐसा हुआ है कि लोग वास्तव में वित्तीय सहायता पाने के लिए भी जद्दोजहद कर रहे हैं। इसलिए मैं सोच रही हूं कि क्या आप इस बारे में थोड़ा बता सकती हैं कि आप किस तरह से इस प्रचार से बच रही हैं और यह सुनिश्चित कर रही हैं कि एक रिपोर्टर के रूप में, आपका कंपनी द्वारा उनके एजेंडे को आगे बढ़ाने के लिए इस्तेमाल नहीं किया जा रहा है।

मुझे लगता है कि यह वास्तव में एक महत्वपूर्ण सवाल है। शुरुआती दिनों में, मुझे यह जानने के लिए बहुत काम करना पड़ा कि कौन लोग इस तरह के उपचारों और शुरुआती टीका बनाने पर काम कर रहे हैं। फिर अचानक से प्रेस विज्ञप्तियों की बाढ़ आ गई, और पत्रकारों के लिए एक बात याद रखना महत्वपूर्ण है, वह यह है कि कंपनियां वित्तीय सहायता प्राप्त करने के लिए मीडिया कवरेज का इस्तेमाल करना चाह रही थीं। इसलिए हमने यह देखा कि कोई कंपनी बार-बार यह दावा कर रही थी कि, ओह, हमारे पास एक वैक्सीन बनाने वाला व्यक्ति है। हम पूर्व-नैदानिक परीक्षण करने जा रहे हैं। हमारे पास एक वैक्सीन बनाने वाला व्यक्ति है। हर बार जब कोई कहानी सामने आएगी तो उनके शेयरों में उछाल आएगा, जो यह दर्शाएगा कि वे इस दौड़ में शामिल हैं।

किसी वैश्विक वैक्सीन के बारे में बात करने से मैंने यह सीखा है कि जो लोग जन स्वास्थ्य क्षेत्र के रूप में किसी वैश्विक वैक्सीन बनाने का अध्ययन करते हैं, वे जानते हैं कि ऐसा हर बार होता है जब इंसानों में कोई बडी, भयानक नई बीमारी होती है तो कंपनियां उस डर और उस पल का इस्तेमाल ध्न कमाने या अपनी साख बढ़ाने के लिए करती हैं। यदि आप देखें सार्स के साथ क्या हुआ, यह मेरे लिए एक अच्छा उदाहरण था। यदि आप देखें कि 2003 में सार्स के साथ क्या हुआ था, उस वक्त 30 से अधिक कंपनियां वैक्सीन उम्मीदवारों के साथ दवा बनाने में जुट गई थीं और उन सभी ने साथ एक जैसी बात हुई, उनकी वित्तीय स्थिति काफी मजबूत हो गई।

अब हम यह जानते हैं कि उनमें से कोई भी टीका कभी सफल नहीं हुआ। उस महामारी में कुछ आंशिक उतार-चढ़ाव हुए और जन स्वास्थ्य उपायों में कुछ व्यापक परिवर्तन किए गए, जिसके बाद सभी प्रयास बड़ी तेजी से बंद हो गए। मैंने इसका अध्ययन करने वाले कई लोगों से बात करके जो सबक सीखा वह यह था कि इस महामारी का यह इतिहास रहा था कि बड़ी संख्या में लोग टीका बनाने को लेकर अधिक गंभीर नहीं थे, लेकिन यह उस पल और उस क्षण का लाभ उठाने के एक अवसर जैसा था। इसलिए मुझे लगता है कि जब मैं इनमें से कुछ उम्मीदवारों को देखती हूं तो मुझे यह बात हमेशा ध्यान में रहती है।

याद रखने वाली एक दूसरी महत्वपूर्ण बात यह है कि केवल एक वैक्सीन से इस समस्या का समाधन नहीं हो सकता है। हमें ऐसी कई वैक्सीनों की जरूरत होगी। इसलिए इसमें कोई बुरी बात नहीं है यदि लोग एक सुरक्षित और प्रभावी टीका हासिल करने के लिए वास्तव में निवेश करते हैं और इस दौड़ में पैसा लगाते हैं, क्योंकि हमें एक से अधिक टीकों की जरूरत होगी। यदि हम इस धरती की पूरी आबादी को टीका लगाने की बात कर रहे हैं तो बेशक, यह आबादी अरबों में होगी। इसलिए इसका अर्थ यह नहीं है कि हमें इसके बारे में अनास्थावादी होना चाहिए, बल्कि संदेह से परे यह समझना चाहिए कि वास्तविकता यह है कि टीके का विकास करने वाले जितने उम्मीदवार हों उतना ही अच्छा है ताकि यह कारगर हो सके।

इसलिए वायर्ड में हम इनमें से कुछ परीक्षणों के परिणामों की बजाय इनकी प्रक्रिया पर अधिक ध्यान देने की कोशिश करते हैं। हम अन्य प्रकाशनों से अलग हैं, क्योंकि हम आमतौर पर अध्ययन के केवल शीर्ष परिणामों की ही रिपोर्ट नहीं करते हैं। हम उन तरीकों को समझने का प्रयास करते हैं कि वास्तव में विज्ञान बदल रहा है। वैक्सीन तैयार करने वाले उम्मीदवारों और उपचारों में से कुछ के विकास को गति देने के लिए इस महामारी के दौरान विज्ञान की प्रक्रिया बदल रही है।

इस वैज्ञानिक प्रक्रिया के बदलने से उस डेटा की गुणवत्ता कैसे प्रभावित होती है, जिसका हमें आकलन करना है? क्या यह कुछ ऐसा है जो एक झोंके की तरह है जिसे हम अब इस महामारी के लिए बदलते हैं, और हम फिर से सामान्य जीवन में वापस आ जाते हैं? या यह इस तरह है कि हमने महसूस किया है कि इन प्रक्रियाओं को खोजने के तरीके हैं जिन्हें हम आगे बढ़ते हुए सबक के रूप में उपयोग करेंगे? ऐसी कहानियां अक्सर देखने में आती थीं लेकिन हम हर छोटी से छोटी बात की रिपोर्ट नहीं करते हैं। तो अध्ययन कहता है, रेमेडिसिवर काम करता है। यह अध्ययन कहता है, यदि आपको यह पसंद नहीं है तो हमें बताएं। हम एक कदम पीछे हटते हैं और कहते हैं, ठीक है, तो बताएं कि इस अध्ययन में डेटा की

गुणवत्ता क्या है? इस अध्ययन में डेटा की गुणवत्ता क्या है? क्यों? इस तरह से डेटा कैसे जारी किया गया है? क्या यह किसी राजनीतिक कारण से या कोई वित्तीय लाभ लेने के लिए जारी किया गया था और लोगों को इस तरह का संदर्भ देने की कोशिश की जाती है कि वे यह समझ सकें कि आखिर इन महत्वपूर्ण परिणामों का क्या मतलब है।

मैं वास्तव में राजनीति के बारे में पूछना चाहती हूं, क्योंकि यह स्पष्ट है कि पिछले कुछ महीनों में जिन कुछ उपचारों का विकास किया जा रहा है, जो निश्चित रूप से एक सदी की तरह लगते हैं, से बहुत अधिक राजनीतिक फायदा उठाया जा रहा है। शायद यह अन्य महामारियों के बारे में सच था, शायद यह एचआईवी के शुरुआती दिनों के दौरान सच था। लेकिन उस समय हममें से कोई भी रिपोर्ट नहीं कर रहा था। उदाहरण के लिए, फरवरी और मार्च में फ्रांसीसी स्वास्थ्य मंत्री ने ट्विटर पर एक घोषणा की कि ईबुप्रोफेन को कोविड के बुखार के लिए इस्तेमाल नहीं किया जाना चाहिए जिससे संक्रामक रोग काफी अधिक बढ़ सकते हैं। कुछ देशों ने इस तथ्य को स्वीकार कर लिया जबकि दूसरों ने नहीं किया। हाइड्राक्सीक्लोरोक्वीन को लेकर निश्चित रूप से बहुत उत्साह है, जो फ्रांस में उत्पन्न होती है, लेकिन अमेरिकी व्हाइट हाउस द्वारा इसका इतना अधिक प्रचार किया गया कि एक महत्वपूर्ण अमेरिकी जन स्वास्थ्य अधिकारी की नौकरी जाते-जाते बची क्योंकि उसने व्हाइट हाउस की आज्ञा की अवहेलना की थी। क्या आप इस बारे में थोड़ा बता सकती हैं कि आप अपने लेखों में इस राजनीतिक प्रभाव से कैसे निपट रही हैं या आप उस पर रिपोर्ट कर रही हैं? क्या आप इसके बारे में लिखते समय इस पर ध्यान दे रही हैं या आप इस बात को ध्यान में रख रही हैं कि यह परीक्षण के आड़े आ सकता है? यह सब कैसे काम करता है?

यदि कोई मूल रूप से विज्ञान रिपोर्टर है, तो निश्चित रूप से यह मुझे व्यक्तिगत रूप से थोड़ा निराश करता है क्योंकि यह अब कुछ ऐसा है जिस पर हमें अपनी कवरेज में विचार करना होगा। मैं कहूंगी कि राजनीतिक तौर पर जो चल रहा है और वही कुछ सोशल मीडिया पर भी चल रहा है, क्योंकि ये केवल हमारे राष्ट्रपति नहीं हैं, बल्कि तकनीकी कंपनी के नेता हैं जो ऐसी बातें ट्वीट करते हैं, और हम जानते हैं कि यह इस बात को प्रभावित करता है कि लोग गुगल पर क्या सर्च कर रहे हैं, वे क्या खरीद रहे हैं और उनका व्यवहार कैसा है। इसलिए मुझे लगता है कि जिस तरह से हम इसके बारे में सोच रहे हैं वह संदर्भ महत्वपूर्ण है और इसे लेखों में शामिल करने की आवश्यकता है। लेकिन यह केवल मेरे लिए है, यह कहानी का वह हिस्सा है जो पूरी कहानी के विपरीत है। मेरे कुछ अन्य सहयोगी हैं जिनका काम केवल दुष्प्रचार करना है, जिस तरह उन्होंने 2016 के चुनाव में अपना रोबोट दुष्प्रचार किया था। वे अब

इस तकनीक को इस महामारी से निकलने वाली सभी झूठी खबरों पर लागू कर रहे हैं। इसलिए वे इन सबसे निपटने के लिए थोड़ा अधिक बेहतर ढंग से तैयार हैं।

लेकिन यह कुछ ऐसा है जिसे हम नजरअंदाज नहीं कर सकते क्योंकि वास्तविकता यह है कि विज्ञान शून्य में नहीं होता है। इसलिए यदि आपके पास बढ़िया शोधकर्ता हैं, जो दवा और रोगियों के पूल का औचक और नियंत्रित नैदानिक परीक्षण करने की कोशिश कर रहे हैं, और हाइड्राक्सीक्लोरोक्वीन का आर्डर दे रहे हैं या इसे अपने डॉक्टर के माध्यम से या वास्तव में संभावित रोगियों के उस पूल के लिए हासिल कर रहे हैं जिन पर आप अध्ययन कर सकते हैं। इसलिए इसका नकारात्मक प्रभाव यह है कि हम राजनेताओं द्वारा समाधन पेश करने की कोशिश करके जोखिम उठा रहे हैं और ऐसा प्रतीत होता है कि चीजें नियंत्रण में हैं। सीमित साक्ष्य के आधार पर जैसा हम चाहते हैं यह उससे बेहतर होगा, हम वास्तव में यह ठोस जवाब कि क्या कारगर है क्या नहीं, पाने की बजाय अपनी क्षमता को नकारा बना रहे हैं।

जिस चीज के बारे में लोग चिंतित हैं वह यह है कि हम इस महामारी के सबसे बुरे दौरे से गुजरने वाले हैं और हम इस पहली लहर का कोई वास्तविक अंतिम परिणाम या स्रोत उपलब्ध नहीं कराएंगे। हम वास्तव में भविष्य में आने वाली दूसरी लहर के लिए क्या कारगर होगा, बताने की वास्तविक स्थिति में भी नहीं होंगे। मुझे लगता है कि यह एक ऐसा क्षेत्र है, जहां हमें उन तरीकों पर ध्यान देने की जरूरत है, जहां विज्ञान का राजनीतिक लाभ उठाने या राजनेताओं द्वारा किसी तरह के आसान जवाब प्राप्त करने की अपेक्षा रहती है, जबकि वास्तव में ऐसा कोई जवाब नहीं होता, जो अच्छे विज्ञान की क्षमता को प्रभावित कर सके।

यह वास्तव में एक अहम बिंदु है कि राजनीतिक दबाव वास्तव में विज्ञान को विफल कर सकता है। मुझे नहीं लगता कि मैंने इसके बारे में कभी इस तरह से सोचा था। और अब आखिरी सवाल जो मैं आपसे बड़े सहज भाव से पूछना चाहती हूं, क्योंकि इस पाठ्यक्रम में भाग लेने वाले आधे से अधिक छात्र निम्न और मध्यम आय वाले देशों से हैं। इनमें से कई देशों में कोई फार्मा कंपनियां नहीं है। फार्मा मैन्युफैक्चरिंग संयंत्र हो सकते हैं, लेकिन वे ऐसे देश नहीं होंगे, जिनका उपचार या निर्माण में कोई बड़ा योगदान हो। इसलिए मैं सोच रही हूं कि क्या आप ऐसी किसी भी योजना के बारे में जानती हैं, जो यह सुनिश्चित करे कि विशेष रूप से वैक्सीन का वितरण समान रूप से किया जाएगा, और दक्षिण के देशों का भी समान रूप से ध्यान रखा जाएगा? क्या यह कुछ ऐसा है जो इन योजनाओं पर आप रिपोर्ट करना

चाहती हैं या क्या आपके पास इस बारे में कोई विचार है कि कहानी के इस पहलू को कवर करने के लिए लोगों को क्या करना चाहिए?

हाँ, मुझे लगता है कि यह काफी महत्वपूर्ण है। हम जानते हैं कि हमारे पास वैक्सीन बनाने वाले लोग हैं जो प्रगति कर रहे हैं। हमारे पास पहले चार चरण हैं जो चरण दो परीक्षणों में चले गए हैं। यह एक बहुत जरूरी सवाल बनता जा रहा है। मैं कहूंगी कि हमें लगता है कि हम असल में इस तरह की रणनीतियों में मनमुटाव का सामना कर रहे हैं जो सामने आ रही हैं। इसलिए हमारे पास डब्ल्यूएचओ जैसे लोग हैं और बिल गेट्स ने कहा है कि हमें इस बारे में सोचने की जरूरत है कि महामारी उस समय कहां होगी जब हमारे पास कोई वैक्सीन उम्मीदवार उपलब्ध हो जाएगा। जब यह उपलब्ध हो जाएगी तो हम समय से पहले उन स्थानों में विनिर्माण क्षमता कैसे विकसित करेंगे ताकि इसे उस स्थान पर तत्काल भेजा जा सके जहां हम महामारी होने का अनुमान लगाते हैं।

हम यह भी सुन रहे हैं कि व्हाइट हाउस के पास ऑपरेशन वर्क स्पीड नामक एक ऑपरेशन प्रकार है जो अमेरिका में वैक्सीन विकास को सुपरचार्ज कर रहा है। वे अमेरिका में विकसित नहीं होने वाले किसी भी वैक्सीन उम्मीदवार के बारे में नहीं सोच रहे हैं, वे केवल वैक्सीन की खुराक के विनिर्माण में तेजी लाने पर विचार कर रहे हैं जो अमेरिका में ही रहेंगी और अमेरिकी नागरिकों को प्राथमिकता दी जाएगी। इसलिए मुझे लगता है कि हम एक ऐसे दौर में हैं जहां हम देख सकते हैं कि ये निर्णय वास्तव में कहां शुरू होने वाले हैं। अब से चार महीने बाद, इन स्थानों को स्थापित किया जाएगा, पूंजी निवेश किया जाएगा और सामान बना जाएगा क्योंकि विनिर्माण करने में काफी समय लगता है। इसलिए अब जो निर्णय लिए जा रहे हैं कि यह विनिर्माण कहां होगा, मुझे लगता है कि यह बहुत महत्वपूर्ण है। इसलिए मुझे लगता है कि अभी पत्रकारों के लिए एक बड़ी जिम्मेदारी इन सवालों के जवाब हासिल करना है।

इसलिए जब भी मैं वैक्सीन बनाने वाली किसी कंपनी से बात करती हूं, तो यह सवाल पूछती हूं कि इस तारीख तक आप कितनी खुराकें तैयार कर लेंगे? आपका विनिर्माण कहाँ हो रहा है? सरकारों के साथ काम करने के लिए आपकी क्या रणनीति है जब आपके पास ये खुराक सीमित मात्रा में होगी, इन्हें सबसे पहले किन्हें दिया जाएगा? इन टीकों के योगिक क्या हैं? क्योंकि कुछ वैक्सीन को रेफ्रिजरेट करने की आवश्यकता होती है। इस वैक्सीन को ऐसे देश हासिल नहीं कर पाएंगे जिनका स्वास्थ्य देखभाल ढांचा काफी कमजोर है। इसलिए, इस प्रकार के प्रश्न पूछना और भी महत्वपूर्ण हो जाता है। क्या यह कारगर

होता है अथवा नहीं? मुझे लगता है कि अब हम इसके अगले चरण में जा रहे हैं तो सभी पत्रकार इस बारे में सोच रहे होंगे।

मेरे एक अच्छे सहयोगी है एडम रोजर्स, जिन्होंने इस हफ्ते सभी संभावित रणनीतियों पर एक लेख लिखा है कि आप सीमित मात्रा में खुराक को कैसे देंगे। इसमें बहुत से विचार दिए गए हैं। कुछ लोगों का कहना है कि यह खुराक उस जगह दी जानी चाहिए जहां महामारी का प्रकोप सबसे अधिक है। कुछ लोगों का कहना है कि यह सबसे कमजोर आबादी को दी जानी चाहिए, जो अपने घरों में बंद हैं, जिन लोगों को उच्च रक्तचाप है या जो बूढ़े हैं। लेकिन हम यह भी जानते हैं कि कुछ टीके बूढ़े लोगों पर असर नहीं करेंगे। इसलिए इसे ज्यादातर उन लोगों को देंगे जिन पर यह सबसे अधिक असर करेगी? कुछ लोगों का कहना है कि यह सभी को समान रूप से दी जानी चाहिए क्योंकि हम जानते हैं कि यह अमेरिका में अफ्रीकी-अमेरिकियों और लातीनी अमेरिकियों की आबादी को बहुत अधिक प्रभावित कर रही है। क्या उन्हें दी जानी चाहिए? यह सुनिश्चित करने के लिए किसी प्रकार का प्रयास किया जाना चाहिए कि उन्हें पहले टीके मिले? क्योंकि वे पहले ही अमेरिका में इस बीमारी का काफी खामियाजा उठा चुके हैं। क्या इसे स्वास्थ्य देखभाल कर्मचारियों को दिया जाना चाहिए क्योंकि ये वही हैं जिन्हें इसका सबसे अधिक जोखिम है। इसलिए बहुत सारे अलग-अलग विचार हैं। मुझे लगता है कि रिपोर्ट करना और दबाव बनाए रखना बहुत महत्वपूर्ण होगा। क्योंकि मुझे लगता है कि एक बात जो लोग जरूरी नहीं समझ रहे हैं, वह यह है कि एक टीका जो कारगर है वह उस वैक्सीन होने से बिल्कुल अलग है जो हर किसी की पहुंच में है। वास्तव में, मुझे लगता है कि लोगों को पत्रकारों के साथ मिलकर इस पर ध्यान देते हुए काम करना चाहिए।

बढ़िया है। यह वास्तव में बहुत अच्छी सलाह है। इन सभी विचारों और रणनीतियों को हमारे साथ साझा करने के लिए बहुत-बहुत धन्यवाद। और हमारे पाठ्यक्रम में शामिल होने के लिए भी धन्यवाद।

मेरीन मुझे बुलाने के लिए बहुत-बहुत धन्यवाद।